कार्यालय कुलसचिव,
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय,
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.)

अनिल सक्सैना
कुलसचिव

Ph- : 0751–2970519 (O) 0751–2970522 (Fax)
E-mail- registrar@rvskvv.net

क्र. / कु.स. / स्था. / 2023 / 4192 दिनांक: 26/12/2023

/ / सूचना / /

विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञापन क्र. 30 में विभिन्न विज्ञापित पदों के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिनकी ऑनलाइन आवेदन करने तथा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि 10.12.2023 थी एवं ऑनलाईन भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) आवश्यक दस्तावेजों (केवल वही जो ऑनलाईन अपलोड किये गये थे) सहित दिनांक 26 / 12 / 2023 तक कुलसचिव, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर को भेजा जाना था।

इस संबंध में कुछ आवेदकों से ई मेल आदि पर भी सूचना प्रेषित की गई कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरते समय शुल्क का भुगतान निर्धारित समय तक कर दिया था, परन्तु विभिन्न कारणों से आवेदन सबमिट नहीं कर पाये हैं। विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे आवेदकों के अनुरोध को विचारोपरांत न्यायोचित मानते हुए उनके अंतिम दिनांक तक भरे हुए आवेदन को यथास्थिति स्वीकार किया जा रहा है।

अतः आवेदन करने वाले उक्त आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वह अपने भरे हुए आवेदन का प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) आवश्यक दस्तावेजों (केवल वही जो ऑनलाईन अपलोड किये गये थे) सहित दिनांक 05 / 01 / 2024 तक कार्यालय कुलसचिव, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर को भेजना सुनिश्चित करें।

(माननीय कुलपतिजी के आदेशानुसार)

कुलसचिव
दिनांक: 26/12/2023

पृष्ठा. क्र. / कु.स. / स्था. / 2023 / 4193
प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. उप / सहायक कुलसचिव (स्था.), रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर।
2. पोर्टल प्रभारी, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर की ओर विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. निज सचिव, माननीय कुलपतिजी, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर।

कुलसचिव